# दैनिक नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*




RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 338 | देहरादून, शनिवार 07 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### सीएम धामी ने भ्रष्टाचार पर एक बार फिर चेतावनी दी, करप्शन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के संकल्प को दोहराया

**देहरादून।** थराली के एक कार्यक्रम में सीएम धामी ने करप्शन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के अपने मजबूत इरादे को दोहराते हुए अधिकारियों कार्मिकों को सीधी चेतावनी देते हुए कहा कि हाल ही में थराली में निर्माणाधीन पुल बीच में ही गिर गया। यह सरासर बहुत बड़ी लापरवाही है। मैंने तत्काल इसका संज्ञान लिया। तुरंत तीनों इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया गया। इतना ही नहीं कोई भी अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही बरतेगा अथवा काम में ढिलाई करेगा, जनता के प्रति अपने कर्तव्यों से विमुख होगा। उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जहां तीनों इंजीनियरों को सस्पेंड किया गया है। यह जनता का धन है, जो उनकी गाढ़ी खून पसीने की कमाई का पैसा है, जो राज्य के विकास के काम आता। हमने तय किया है कि निर्माणाधीन कार्य के दौरान जो पैसे की बर्बादी हुई है, उसकी भरपाई भी उसी ठेकेदार से की जाएगी जिसके पास निर्माणाधीन पुल का टेंडर था।

### यात्रियों का सामान चुराने वाले तीन नेपाली युवक चढ़े पुलिस के हत्थे

**रूद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा के मुख्य पड़ाव गौरीकुंड में बीती रात पुलिस ने तीन नेपाली युवकों को दबिश देकर गिरफ्तार किया है। इन नेपाली युवकों के पास से 3 सर्जिकल ब्लैड, 01 प्लास तथा 01 लोहे का सरिया बरामद किया है। साथ ही एक बैग के अन्दर 18 मोबाईल फोन व 25000 रुपये नगद बरामद हुए हैं। जब पुलिस ने सख्ती से उनसे पूछताछ की तो नेपाली युवकों ने बताया की मोबाइल फोन और नगदी उनके द्वारा केदारनाथ में लगे अलग–अलग टेंटों को काट कर चोरी किए गए थे। जिन्हें वे आरोपी नेपाल जाकर बेचने की तैयारी में थे। वहीं तीनों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली सोनप्रयाग मे धारा 313 भारतीय न्याय संहिता व 35/106 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# नैनीताल में मुख्यमंत्री ने मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, दिए सख्त दिशा-निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नैनीताल में कुमाऊं मंडल स्तरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में कुमाऊं मंडल के छह जनप कृनैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत एवं ऊधमसिंहनगरकृके जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।




मुख्यमंत्री बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

मुख्यमंत्री ने मंडल में केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा गतिमान योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण को आपसी समन्वय बनाते हुए जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार लगाकर, चौपाल लगाकर धरातल पर कार्य करने की आवश्यकता है। ताकि अंतिम छोर पर खड़ा व्यक्ति भी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो। उन्होंने कहा माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनपद में चल रहे कार्यों में अपना योगदान करें। भ्रष्टाचार को समाप्त करना ही हमारा संकल्प है और इसके लिए 1064 नंबर चलाया गया है। मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों को कहा कि वह 10 से 1 बजे तक अपने कार्यालय में बैठने का शेड्यूल बनाएं ताकि दूर से आने वाले लोग उनसे मिल पाए वह अपनी बात रख पाएं।

मुख्यमंत्री ने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में जमरानी बांध परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि पुनर्वास पैकेज को स्वीकृति दी जा चुकी है तथा मास्टर प्लानिंग पूर्ण हो चुकी है। मानसून से पूर्व मुख्य बांध निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह परियोजना उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों के लिए सिंचाई क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने सूखा ताल के पुनर्जीवन प्रयासों को और गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह कार्य नमामि गंगे योजना के अंतर्गत पेयजल विभाग द्वारा किया जा रहा है और 2916.00 लाख रुपए की लागत से जनपद नैनीताल में सूखाताल झील का संवर्धन एवं सौंदर्यकरण का कार्य गतिमान है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## हिंद दी चादर शो 8 जून को दून मेडिकल कालेज ओडिटोरियम पटेलनगर में दिखाया जाएगा

**देहरादून।** गुरुद्वारा रेसकोर्स परिसर में बाल प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह आयोजन उत्तराखंड सिख कोआर्डिनेशन कमेटी और श्री गुरू तेग बहादुर अस्पताल द्वारा किया गया। यह प्रेस वार्ता एक अनोखा दर्शन था, जिसमे सारी वार्तालाफ श्री गुरु हरकृष्ण साहिब कीर्तन अकादमी के छोटे बच्चों द्वारा की गई। मनसिमरत कौर ने अपने वक्तव्य में बताया कि सिखों के नौवें गुरू श्री तेग बहादुर साहिब जा जन्म सन 1621 ई. में गुरु के महल अमृतसर पंजाब में हुआ था। गुरू जी ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ मानवता की रक्षा के लिए सन 1675 ई में दिल्ली में लाल किले के सामने चांदनी चौक में अनोखी शहादत दी थी। तवनीत कौर बताया कि वर्ष 2025 में श्री गुरू तेग बहादुर साहिब की महान शहादत का 350वां वर्ष है, जिसके पावन उपलक्ष्य में संसार भर में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक आयोजन में देहरादून जिले से सिख युवाओं की सहभागिता विशेष महत्व रखती है।



# कृषि मंत्री ने किसान चौपाल में किसानों से संवाद कर सुनीं समस्याएं, दिए समाधान के सुझाव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड की भूमि को खेती–किसानी की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को देहरादून के डोईवाला ब्लॉक अंतर्गत पाववाला सौड़ा गांव में आयोजित किसान चौपाल में भाग लिया।

खेतों के मध्य खाट पर बैठकर उन्होंने किसानों से आत्मीय संवाद किया और जमीनी स्तर की समस्याओं को समझा। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के कृषि मंत्री गणेश जोशी सहित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। चौपाल में किसानों ने बीज, सिंचाई, विपणन, फसल बीमा योजना और कृ षि उत्पादों के उचित मूल्य से जुड़ी अपनी बातें रखीं। लीची, बासमती चावल, कटहल और सब्जी उत्पादकों ने भी अपनी समस्याएं साझा कीं और समाधान हेतु सुझाव दिए।



केंद्रीय कृषि मंत्री कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार किसानों की आय को दोगुना करने और 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "मैं स्वयं किसान परिवार से हूं, किसान का दर्द जानता हूं। इसी कारण आज सीधे खेत में आकर खाट पर बैठा हूं, ताकि यह जान सकूं कि सरकार की योजनाओं का लाभ जमीन तक पहुंच रहा है या नहीं। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की बताई समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उत्तराखंड को हार्टिकल्चर (बागवानी) का राष्ट्रीय हब बनाएंगी।

उत्तराखंड के फल, अनाज और सब्जियों की गुणवत्ता अद्वितीय है और उनमें वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने की पूरी क्षमता है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा पवित्र देवभूमि में आकर मन, बुद्धि और आत्मा एक नई ऊर्जा से भर जाती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। भारत सरकार उत्तराखंड सरकार के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगी कि यहां के किसानों को न केवल आधुनिक कृषि तकनीकों का लाभ मिले, बल्कि उनके उत्पादों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाजार भी उपलब्ध हो। श्री चौहान ने यह भी कहा कि प्राकृतिक खेती, तकनीकी नवाचार और जल संरक्षण पर विशेष बल देकर खेती को भविष्य में और अधिक लाभकारी बनाया जाएगा।

07 June 2025_Copy of Layout 1 6/7/2025 3:15 PM Page 2



# संपादकीय

## प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान पर किया तीखा प्रहार

प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि इस्लामाबाद भारत में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने और कड़ी मेहनत करने वाले कश्मीरियों की कमाई को बाधित करने का इरादा रखता है। पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले में इस्लामाबाद की संलिप्तता के बारे में दिए गए भाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह षनिराधारश है। जम्मू–कश्मीर के कटरा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना श्इंसानियत और कश्मीरियतश पर एक हमला है और इसका उद्देश्य भारत में दंगे भड़काना है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य भारत में दंगे भड़काना और कश्मीर के मेहनतकश लोगों की आजीविका को बाधित करना था। इसीलिए पाकिस्तान ने पर्यटकों को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि इस्लामाबाद भारत में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने और कड़ी मेहनत करने वाले कश्मीरियों की कमाई को बाधित करने का इरादा रखता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह निराधार और भ्रामक टिप्पणियों को दृढ़ता से खारिज करते हैं। बयान में कहा गया कि हम इस बात से बेहद निराश हैं कि भारतीय प्रधानमंत्री ने एक बार फिर एक भी विश्वसनीय सबूत पेश किए बिना पहलगाम हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता का आरोप लगाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान की साजिश के खिलाफ खड़े होने के लिए जम्मू–कश्मीर के लोगों की भी प्रशंसा की। जम्मू–कश्मीर के युवा अब आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। यह वही आतंकवाद है जिसने घाटी में स्कूल जला दिए, अस्पताल बर्बाद कर दिए और पीढ़ियां बर्बाद कर दीं।

# खून पर भारी सिंदूर-व्यापार!


आलेख : संजय पराते

याद कीजिए हमारे प्रधानमंत्री मोदी का वह भाषण रु मेरे खून में व्यापार है। कल राजस्थान में पाकिस्तान की सीमा से सटे बाड़मेर की जन सभा में उन्होंने कहा रु मेरी रगों में सिंदूर बह रहा है। सभी सुधिजन इस बात को समझ रहे हैं कि वे भारत सरकार के निर्देश पर हमारी सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ छेड़े गए सीमित युद्ध को दिए गए नामकरण श्ऑपरेशन सिंदूर (जैसा कि उनका दावा है, इस युद्ध को ऐसा नाम उन्होंने ही दिया था) का भाजपाई राजनीति के लिए लाभ उठाने की कोशिश कर रहे थे। सेना के शौर्य का किसी पार्टी विशेष द्वारा राजनैतिक लाभ उठाने की कोशिश करना टुच्चापन है और भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी इस टुच्चेपन के माहिर खिलाड़ी है।

आखिरकार, किसी भी देश के नागरिकों की राष्ट्रवादी भावनाओं पर किसी पार्टी विशेष का कोई अधिकार नहीं हो सकता। राष्ट्रवाद को किसी पार्टी से जोड़ने का मतलब है, उस पार्टी का समर्थन न करने वाली जनता को गैर–राष्ट्रवादी या देशद्रोही ठहराना। यह बहुत खतरनाक बात है। लेकिन मोदी राज के दस सालों में हम यही देखते आ रहे हैं कि जिसने भी भाजपा या उसके नेताओं के कहे का अनुसरण नहीं किया या संघी गिरोह की हिंदुत्व की सांप्रदायिक–फासीवादी नीतियों के खिलाफ असहमति की आवाज बुलंद की, उसे देशद्रोही करार देकर जेलों में ठूंसने का काम किया गया है। ताजा उदाहरण प्रो. अली खान की गिरफ्तारी है, जिन्हें बहुत कड़ी शर्तों के साथ ही, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत दी गई है। ये शर्तें ऐसी हैं कि जेल से बाहर आकर भी उनके संवैधानिक नागरिक अधिकार, लिखने–बोलने का अधिकार, लगभग निलंबित हो गए हैं। मोदी के दोनों भाषणों को मिलाकर देखें, तो साफ है कि हमारे देश में राष्ट्रवाद आज एक ऐसा व्यापार बन गया है, जिसके कारण अब प्रधानमंत्री की रगों में खून के बजाए सिंदूर बहने लगा है।सिंदूर के साथ जुड़ी जन–भावना को राष्ट्रवाद से जोड़ने का जो खेल मोदी ने शुरू किया है, वह बिहार और बंगाल के चुनाव के मद्देनजर ही है। अब इन चुनावों में प्रधानमंत्री की रगों में बह रहे श्असलीश सिंदूर की कुछ बूंदें मांग में भरी जाने वाली श्नकलीश सिंदूर में मिलाकर इस डिबिया को बिहार और बंगाल में घर–घर बांटा जाये और राष्ट्रवाद के नाम पर वोटों की भीख मांगी जाएगी। सब जानते है कि सिंदूर इतना विषाक्त होता है कि उसकी थोड़ी–सी भी मात्रा जैविक शरीर में घुसकर हानि पहुंचाती है। यहां तो रगों में ही सिंदूर बह रहा है और शरीर जिंदा है, तो यह उनके नॉन–बायोलॉजिकल होने की ही पुष्टि करता है। जो जैविक लोग उनके नॉन बायोलॉजिकल होने के दावे की खिल्ली उड़ा रहे थे, अब उनके लिए हमारे प्रधानमंत्री की रगों में बहने वाली लाल तरल वस्तु टेस्ट के लिए उपलब्ध हो सकती है। यह अलग बात है कि अपनी डिग्रियों की तरह इसकी भी जांच करवाने से वे मना कर दें। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री पर आप सबको भरोसा करना चाहिए कि पहलगाम की आतंकी घटना का ऑपरेशन सिंदूर के जरिए बदला लेने के बाद हमारे प्रधानमंत्री के शरीर में बहने वाला सफेद खून अब लाल सिंदूर में बदल गया है!

# ग्लोबल साउथ का लीडर बनने की फिराक में चीन -संयुक्त राष्ट्र व अमेरिका को चुनौती देने के मूड में चीन



### वैश्विक जगत का मुखिया बनने की चीन की चाहत- अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता संगठन की स्थापना- 50 देशों के साथ 20 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से 400 प्रतिनिधि शामिल

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश का हर बड़े से छोटा संगठन, पार्टी, मंच, समिति,मंडल,फाउंडेशन सहित संसद से लेकर पंचायत समिति तक व छोटे से लेकर बड़ी सामाजिक राजनीतिक धार्मिक कमेटी से लेकर व एकल व्यक्ति से लेकर समूह में शामिल हर व्यक्ति, अपने ग्रुप का लीडर या मुखिया बनना चाहता है, उसकी चाहना होती है कि मैं अपनें ग्रुप का नेतृत्व करूँ!

यह मैं का भाव बहुत विघटनकारी होता है, जो असल में मजबूर हो जाता है,वह तिकड़मबाजी कर किसी न किसी रूप में अपने को मुखिया बनाने की कोशिश करता रहता है। बड़े बुजुर्गों का कहना बिल्कुल सटीक है कि गुलाब की खुशबू छुपाए नहीं छुपती,यानें जिसमें ज्ञान क्षमता व काबिलियत है वह निखरती हुई अपने आप पंख लगाकर उस व्यक्ति को सामने लाती है, जैसे हमने देखा है कि कई राज्यों में ऐसे व्यक्तियों को मुख्यमंत्री बनाया गया है जिनका दूर–दूर तक कोई नाम नहीं था। आज हम इस नेतृत्व विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 30 मई 2025 को देर शाम पूरे अर्धरात्रि तक मीडिया जगत में चर्चा छाई रहीकि चीन ने एक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता संगठन बनाया है जिसमें करीब 85 देश व 20 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों सहित 400 प्रतिनिधि शामिल हुए, जिसके चार्ट में 33 देशों ने एट द टाइम साइन भी किया, जिसमें बेलारूस पाकिस्तान व इंडोनेशिया सहित अनेक देश शामिल हैं।चूँकि चीन लंबे समय से ग्लोबल साउथ का लीडर बनकर संयुक्त राष्ट्र व अमेरिका को चुनौती देने के मूड में है, वअंतर्राष्ट्रीय विवाद सुलझाने के लिए यूएन,अमेरिका व अंतरराष्ट्रीय कोर्ट के समकक्ष बनने की चाहना रखता है, हालांकि वह खुद सीमा विवाद में भारत फिलिपींस वियतनाम सहित अनेक देशों से उलझा हुआ है,व सुलझा नहीं पा रहा है और इधर चला मुरारी हीरो बनने! इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक जगत का मुखिया बनने की चीन की चाहत, अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता संगठन की स्थापना, 85 देश के साथ 20 अंतरराष्ट्रीय संगठनों सहित 400 प्रतिनिधि शामिल।

साथियों बात अगर हम चीन द्वारा अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता संगठन के स्थापना को समझने की करेंतो,चीन ग्लोबल साउथ का लीडर बनने की चाह रखता है। लिहाजा उसने खुद इस नये संगठन को बनाया है। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।चीनी विदेश मंत्री ने एक समारोह में कहा कि चीन लंबे समय से आपसी समझ की भावना से मतभेदों को निपटाने और बातचीत के माध्यम से आम सहमति बनाने की वकालत करता रहा है, साथ ही उसका लक्ष्य राष्ट्रों के बीच संघर्षों को सुलझाने के लिएचीनी प्रज्ञता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हांगकांग में मुख्यालय वाले इस निकाय का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देना तथा अधिक सामंजस्यपूर्ण वैश्विक संबंध बनाना है। चीन ने 30 से ज्यादा देशों के साथ मिलकर नया वैश्विक मध्यस्थता समूह बनाया है। इस समूह में पाकिस्तान, इंडोनेशिया, बेलारूस और क्यूबा समेत कई देश शामिल हुए हैं। माना जा रहा है कि चीन ने संयुक्त राष्ट्र को सीधी टक्कर देने के लिए यह वैश्विक मंच बनाया है। चीनी विदेश मंत्रालय के मुताबिक हांगकांग में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता संगठन (आईओएमडी) की स्थापना पर एक सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और यूरोप के 85 देशों के साथ लगभग 20 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लगभग 400 उच्च–स्तरीय प्रतिनिधियों ने शिरकत की।

साथियों बात अगर हम चीनद्वारा संयुक्त राष्ट्र अमेरिका को चुनौती देकर मुखिया बनने की चाहत की करें तो.. दुनियाँ की अलग–अलग विचारधारा में चल रही जंग के बीच संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को लेकर गहराई से कुछ ठोस सवाल उठ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के कई मोर्चे असफल रहे हैं और विशेषज्ञ लंबे समय से अपने स्नातक और कार्यशैली में बदलाव की मांग भी कर रहे हैं। इस बीच चीन ने संयुक्त राष्ट्र को अप्रत्यक्ष चुनौती देते हुए एक नया मंच तैयार किया है। हाल ही में चीन ने दुनियाँ के कई बड़े देशों के साथ मिलकर नया ग्लोबल वॉल ग्रुप बनाया है।बीजिंग ने इस संगठन को मध्यस्थता के माध्यम से विवादों को सुलझाने वाला दुनियाँ का पहला अंतर–सरकारी कानूनी संगठन बताया है, और कहा है कि यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों की सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण तंत्र होगा। इसने हांगकांग को एशिया में एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी और विवाद समाधान सेवा केंद्र के रूप में भी स्थापित किया। हांगकांग के नेता ने कहा कि संगठन इस साल के अंत तक अपना काम शुरू कर सकता है। समारोह में संयुक्त राष्ट्र सहित लगभग 85 अन्य देशों और लगभग 20 संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।अमेरिका को टक्कर देने के इरादे से चीन ने एक नया संगठन बनाया है। चीन की इस कवायद में शुक्रवार को 30 से अधिक देश ऑन द स्पॉट शामिल हुए। चीन के विदेश मंत्री के बाद, पाक और इंडोनेशिया से लेकर बेलारूस और क्यूबा तक के 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने हांगकांग में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता संगठन की स्थापना संधि पर हस्ताक्षर किए, जिससे वे इस वैश्विक संगठन के संस्थापक सदस्य बन गए। विकासशील देशों का यह समर्थन उस वक्त 'ग्लोबल साउथ' में चीन के बढ़ते प्रभाव का संकेत देता है, जब भू–राजनीतिक तनाव अपने चरम परहैं और इनमें आंशिक रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापार शुल्कने भी अहम भूमिका निभाईहै।अमेरिका को टक्कर देने के इरादे से चीन ने एक नया संगठन बनाया है। विकासशील देशों का यह समर्थन उस वक्त 'ग्लोबल साउथ' में चीन के बढ़ते प्रभाव का संकेत देता है, जब भू–राजनीतिक तनाव अपने चरम पर हैं कृ और इनमें आंशिक रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापार शुल्क ने भी सबसे अहम भूमिका निभाई है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

07 June 2025_Copy of Layout 1 6/7/2025 3:15 PM Page 3



# किसान से बड़ा वैज्ञानिक कोई और नहीं: शिवराज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कौलागढ़ में स्थित हिमालयन कल्चरल सेंटर में शुक्रवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

केन्द्रीय कृषि मंत्री, विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से देश भर के किसानों के साथ संवाद कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को श्री चौहान ने उत्तराखंड के किसानों को देहरादून में संबोधित किया। हिमालयन कल्चरल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भर से आये किसानों को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि उत्तराखंड देव भूमि है और इसके प्रताप से इसकी ओर सब खींचे चले आते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री की असली भूमिका जमीनी स्तर पर उतरकर खेतों में जाकर किसानों से सीधा संवाद करके कृषि की उन्नति के लिए कार्य करना है। श्री शिवराज ने कहा



कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय कृषि मंत्री।

कि कृषि वैज्ञानिकों के लिए असली प्रयोगशाला खेत ही है, इसलिए हमने 'लैब टू लैंड' जोड़ने और 16 हजार वैज्ञानिकों की टीमों के साथ गांव–गांव जाकर 'विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू करने की परिकल्पना की।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वैज्ञानिकों के साथ–साथ केंद्र और राज्य सरकार के कृषि विभाग का अमला, प्रगतिशील किसान सबकों साथ लेकर इस महाभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 2,170 वैज्ञानिकों की टीमें देशभर में हर क्षेत्र की विशेषता, जलवायु विभिन्नता, मिट्टी की उर्वरक क्षमता हर बारीक जानकारियों पर पूर्व अनुमान के साथ गांव में जाकर किसानों से संवाद कर रही हैं। उत्तराखंड में भी वैज्ञानिकों की 75 टीमें किसानों से सीधे संवाद कर रही हैं। शोध की जानकारी देकर और उसी के आधार पर आगे की कृषि दिशा तय की जा रही है। किसान से बड़ा वैज्ञानिक कोई और नहीं है। इसलिए इस अभियान के तहत दो तरफा संवाद किया जा रहा है। किसानों भाई–बहनों की व्यावहारिक समस्याओं को सुनकर समझकर ही आगे के अनुसंधान, नीति, कार्यक्रम और योजना का मार्ग तय होगा।

श्री चौहान ने कहा कि उत्तराखंड के जिन भी किसानों से मैंने मुलाकात कि उन्होंने मुझे जानवरों से खेती को बचाने के लिए घेराबाड़ी/तारबाड़ (खेत की सीमाओं को घेरना) की मांग की। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत इसके लिए उत्तराखंड को प्राथमिकता दी जाएगी। यह खेती को सुरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उत्तराखंड के पहाड़ों में चमत्कार है। यहां की फल और सब्जियों की उपज दूसरे किसी भी क्षेत्र की तुलना में शानदार है। यहां के सेब अब कश्मीर को प्रतिस्पर्धा दे रहे हैं, जो यहां कि बागवानी क्षेत्र की उन्नति को दर्शाता है। श्री चौहान ने उत्तराखंड के फल 'काफल' की भी बात की। उन्होंने कहा कि औषधीय गुणों के कारण 'काफल' की दुनिया में भी मांग बढ़ रही है। मोटे अनाज के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि यहाँ का मोटा अनाज भी अद्भुत है।



## सीएम ने माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले युवा पर्वतारोही रोहित भट्ट को सम्मानित किया

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने माउंट एवरेस्ट को विजय करने वाले युवा पर्वतारोही रोहित भट्ट को मुख्यमंत्री आवास में सम्मानित किया। इस अवसर पर रोहित भट्ट ने अपनी अब तक की विभिन्न पर्वतारोहण यात्राओं और अनुभवों को साझा किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्वतारोही रोहित भट्ट को एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक आरोहण की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रोहित भट्ट जैसे साहसी युवाओं पर उत्तराखंड को गर्व है। उन्होंने न केवल कठिन पर्वतीय चुनौती को पार किया है, बल्कि हर युवा के हृदय में आत्मविश्वास का भाव भी जगाया है।

# स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षण दिया जाए: गणेश जोशी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने अपने कैंप कार्यालय में आयोजित एक बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी देहरादून अभिनव शाह को निर्देशित किया कि जनपद देहरादून के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए।

मंत्री जोशी ने कहा कि समूह की महिलाएं वर्तमान में बेहतर कार्य कर रही हैं, और उन्हें आजीविका संवर्धन तथा 'लखपति दीदी' जैसे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस दिशा में देहरादून जनपद के अंतर्गत मसूरी में साइड एमेनिटी यूनिट की स्थापना पर कार्य किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मोमबत्ती निर्माण, साबुन निर्माण जैसे लघु उद्योगों की संभावनाओं को तलाशा जाए, ताकि महिलाएं इन गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। इस संबंध में उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष मसूरी के साथ बैठक कर आवश्यक रणनीति तैयार करने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने विश्वास जताया कि इन प्रयासों से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और वे सशक्त व स्वावलंबी बनेंगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मुख्य विकास अधिकारी देहरादून अभिनव शाह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मारपीट के आरोपी वकील के खिलाफ किया प्रदर्शन

**मसूरी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगर पालिका कर्मचारी के साथ वकील द्वारा मारपीट करने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस घटना के बाद से कर्मचारियों में आक्रोष व्याप्त है। जिसके चलते कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर वकील के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने वकील की गिरफ्तारी की मांग की है।

मसूरी पुलिस द्वारा अधिवक्ता के खिलाफ कार्यवाही ना किये जाने पर मसूरी नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही नगर पालिका मसूरी से एसडीएम कार्यालय तक विरोध रैली निकाली। सभी ने अधिवक्ता की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की. इस मौके पर मसूरी नगर पालिका कर्मचारी संघ ने एसडीएम मसूरी कुमकुम जोशी को ज्ञापन देकर



पालिका कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए।

कर्मचारियों की सुरक्षा के साथ अधिवक्ता के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की।

कर्मचारियों ने कहा कि अगर अधिवक्ता के खिलाफ पुलिस जल्द कार्यवाही नहीं करती तो वह सभी सेवाओं को ठप कर देंगे। कर्मचारियों ने कुछ समय के लिये मालरोड को जाम भी किया। कर्मचारी संघ ने एसडीएम मसूरी से वकील के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के साथ पालिका कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही। मसूरी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी तनवीर मारवाह ने कहा कि कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता और मारपीट बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# भाजपा नेता रोहित नेगी के हत्यारों की पुलिस से मुठभेड़, दोनों आरोपी गंभीर रूप से घायल, एम्स में भर्ती

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुजफ्फरनगर मंगलौर बॉर्डर के समीप भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित नेगी के हत्यारों की पुलिस से मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनो आरोपियों के पैर में गोली लग गइ।. गंभीर रूप से घायल दोनों आरोपियों को सीएचसी गुरुकुल नारसन भेजा गया। जहा उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर किया गया।

घटनाक्रम के अनुसार तीन मई को प्रेमनगर थाना क्षेत्र स्थित मांडूवाला के पीपल चौक पर देर रात रोहित

**रोहित नेगी की बाइक सवार युवकों ने गोली मारकर कर हत्या थी दी**

नेगी की बाइक सवार युवकों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद से दून पुलिस दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पश्चिमी यूपी के कई जगहों पर लगातार दबिश दे रही थी। इसी बीच देर रात मोहम्मद अजहर त्यागी निवासी थाना पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर और आयुष कुमार उर्फ सिकंदर निवासी मालेन्डी शामली को मुजफ्फरनगर मंगलौर बॉर्डर पर देखा गया। जिसके बाद पुलिस ने उन्हे पकड़ने के लिए घेराबंदी कर दी। जिसे देख दोनों आरोपियों ने भागने का प्रयास करते हुए पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल दोनों आरोपियों को सीएचसी गुरुकुल नारसन भेजा गया। जिसके बाद दोनों आरोपियों की गंभीर स्थिति को देखते हुए एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर किया गया। दोनों आरोपियों के घायल होने पर एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया और उनका इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस कप्तान अजय सिंह ने कहा कि पुलिस की इस वारदात के संबंध में अग्रिम कार्रवाई जारी है। उत्तराखंड में इस तरह की आपराधिक घटना करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पूरे घटनाक्रम के अनुसार 3 मई की देर रात को रोहित नेगी अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था, इनमें एक युवती भी शामिल थी। युवती रोहित नेगी के दोस्त की मित्र थी। इसी दौरान युवती के फोन पर अजहर मलिक का फोन आया। वह उससे विवाद करने लगा। रोहित नेगी ने दोनों की बातें सुनीं तो पता चला कि वह अजहर युवती से बदसलूकी कर रहा है। जिसके बाद रोहित नेगी का भी अजहर के साथ विवाद हो गया। जैसे–तैसे सभी ने एक दूसरे को समझा बुझाकर मामला शांत किया। कुछ देर बाद सभी वहां से रोहित नेगी की कार से अपने अपने घर की ओर चल दिए। मांडूवाला में पहले से ही अजहर अपने एक दोस्त आयुष के साथ मोटरसाइकिल पर खड़ा हुआ था। उसने रोहित नेगी पर फायर झोंक दिया। जिससे रोहित नेगी की मौत हो गयी। घटना वाली रात भी अजहर त्यागी ने युवती को फोन करके धमकाना शुरू कर दिया था। जिस वक्त वो रोहित और उसके दोस्तों के साथ थी।

07 June 2025_Copy of Layout 1 6/7/2025 3:15 PM Page 4



# देवभूमि अब खेल भूमि के रूप में सशक्त रूप से उभर रही: सीएम

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री धामी ने नैनीताल स्थित डीएसए मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि डीएसए मैदान को उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं के साथ एक मॉडल स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन संभव हो सकेगा।



सीएम पुष्कर धामी सिंह।

नैनीताल में वैकल्पिक पार्किंग का विकास किया जाएगा और फ्लैट्स मैदान में हॉकी टर्फ तथा बॉक्सिंग रिंग स्थापित की जाएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि फ्लैट्स मैदान का उपयोग केवल खेल एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए किया जाएगा और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक रहेगी, ताकि स्थानीय खिलाड़ियों के हित सुरक्षित रह सकें। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत नैनीताल व हल्द्वानी में सात राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों में हार–जीत से ऊपर उठकर खेल भावना को अपनाना ही सच्ची जीत है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि "हमारी देवभूमि अब खेलभूमि के रूप में सशक्त रूप से आगे बढ़ रही है।" उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और संघर्ष जैसे गुणों का भी निर्माण करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में खेल संस्कृति को मजबूत आधार मिला है और भारत अब वैश्विक खेल मंचों पर नई पहचान बना रहा है। उत्तराखंड भी अब देवभूमि के साथ–साथ खेल भूमि बनने की दिशा में अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में हाल ही में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया। इन खेलों का आयोजन प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भव्य रूप से किया गया और नैनीताल व हल्द्वानी में सात राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही स्पोर्ट्स लिगेसी प्लान लागू करेगी, जिसके अंतर्गत आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी, जहाँ हर साल सैकड़ों खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी में राज्य का पहला खेल विश्वविद्यालय तथा लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित किया जा रहा है। सरकार द्वारा लागू नई खेल नीति के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। साथ ही मुख्यमंत्री खेल विकास नीति, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, उदयमान खिलाड़ी योजना और खेल किट योजना के माध्यम से उभरते खिलाड़ियों को सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उत्तराखंड खेल रत्न और हिमालय खेल रत्न पुरस्कार जैसे प्रोत्साहनों से खिलाड़ियों की प्रतिभा को उचित मान–सम्मान दिया जा रहा है।

## उत्तराखण्ड में कोरोना संक्रमितों की संख्या 22 पहुंची

**देहरादून।** गुरुवार को देहरादून के ऋषिकेश में एक और मरीज कोरोना संक्रमित पाया गया है। जिसके बाद देहरादून जनपद में कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या 22 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक गुरुवार और बीते रोज पाए गए सभी संक्रमितों की हालत फिलहाल सामान्य है। देहरादून के सीएमओ डॉक्टर मनोज कुमार शर्मा के मुताबिक बुधवार को चार मरीज देहरादून के जबकि एक हरिद्वार का कोरोना संक्रमित मिला है। उन्होंने बताया कि हाथीबड़कला क्षेत्र के रहने वाले 47 वर्षीय व्यक्ति हाल ही में चार धाम यात्रा से लौटे। यात्रा से लौटने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्होंने जब निजी लैब में कोरोना जांच कराई तो रिपोर्ट पॉजीटिव आई।

इसके अलावा रायपुर के दो पुरुष 50 और 55 वर्षीय और सैलाकुई की 48 वर्षीय महिला की रिपोर्ट भी पॉजीटिव आई है। हरिद्वार के भी 59 वर्षीय बुजुर्ग कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं।

# रोहित नेगी के हत्यारों को पकड़ने के लिए एसटीएफ ने गठित की टीम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रोहित नेगी हत्याकांड में हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए अब एसटीएफ एसएसपी नवनीत भूल्लर ने टीमें गठित कर एसटीएफ को हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए मैदान में उतार दिया है। जबकि हत्यारोपी अजहर मलिक के दूसरे साथी के बारे में पुलिस को कुछ नहीं पता चल सका है। उल्लेखनीय है कि तीन जून की रात्रि में तिलवाडी निवासी रोहित नेगी की किसी बात पर मुजफ्फरनगर निवासी अजहर मलिक से फोन पर कहासुनी हो गयी जिसके बाद जब रोहित कार में अपने मित्रों के साथ घर की तरफ जा रहा था तभी अजहर अपने साथी के साथ मोटरसाईकिल में वहां पहुंचा और उसने सामने से फायर कर दिया और गोली रोहित की गर्दन पर जा लगी। उसके साथी उसको लेकर ग्राफिक एरा अस्पताल पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। रोहित नेगी की हत्या की खबर सुनते ही आसपास के ग्रामीण वहां पर एकत्रित हो गये और हत्यारोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के अगले दिन चार जून को डीबीआईटी कॉलेज चौक पर झाझरा, सुद्धोवाला, भाऊवाला, तिलवाडी, डूंगा से बडी संख्या में युवक पहुंचे और उन्होंने वहां पर जमकर प्रदर्शन कर हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

# शौर्य महोत्सव में बोले सीएम-शहीदों का सम्मान हमारा कर्तव्य

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को थराली के चेपड़ों गांव में अशोक चक्र विजेता शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित शौर्य महोत्सव में प्रतिभाग किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित शौर्य मेले को राजकीय मेले के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि भी उपलब्ध कराई जाएगी।



कार्यक्रम के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी व अन्य।

मुख्यमंत्री ने शहीद भवानी दत्त जोशी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने ऑपरेशन ब्लू स्टार में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि हमें उनके सम्मान में आयोजित मेले में शामिल होने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना का मनोबल लगातार ऊंचा हुआ है। उन्होंने हाल ही में आतंकवादियों के खिलाफ चले ऑपरेशन 'सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि अब जो भी गोली आतंकियों की तरफ से चलेगी, उसका जवाब गोलों से दिया जाएगा।थराली विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल गिरने की घटना पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घोर लापरवाही है। इसके लिए तीन इंजीनियरों को तत्काल सस्पेंड किया गया है।

# जनसुनवाई प्रणाली राज्य सरकार की प्राथमिकता, लापरवाही बर्दाश्त नही: जिलाधिकारी सविन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही स्वीकार नही की जाएगी।



सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा बैठक लेते डीएम।

डीएम ने टाइमबार्ड करते हुए प्रकरण को 03 दिन के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा सीएम हेल्पलाईन मायने मेरी,हम सब अफसरों की विभागों की हेल्पलाईन, कहा किोई व्यथित, आकुल, परेशान जनमन हेल्पलाईन की ओर रूख करने वाला होगा यह सोच दिमाग में रख संवेदनशीलता रखें सभी अधिकारी कार्मिक। 2023–24 से कुछ विभागों की शिकायतें दिखीं ;कई विभागों की कई शिकायत टाइमबार्ड 36 दिन से ज्यादा दिखने पर डीएम ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए डीएम ने विभागों को 03 दिन समाधान का समय दिया। निर्धारित समयावधि में शिकायत का निस्तारण न करने की दशा में कार्यवाही के लिए मजबूर होने की बात कही। डीएम ने एक–एक विभाग की पेंडिंग, टाइम बार्ड व लम्बे समय से नासूर बनी शिकायत की खुलवा खुलवा के देखा।

जिलाधिकारी ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक, लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई प्रणाली राज्य सरकार की प्राथमिकता में है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन पोर्टल पर जो शिकायतें लम्बे समय से लम्बित दिखा रहा है, उन्हें 3 दिन के भीतर निस्तारित करें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे निस्तारित शिकायतों की फीडबैक कॉल्स की रिपोर्ट भी देखें और संतुष्टिपूर्ण निस्तारण की पुष्टि करें।

07 June 2025_Copy of Layout 1 6/7/2025 3:15 PM Page 5



# विभिन्न राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर भारत महा गठबंधन बनाकर तीसरे मोर्चे के गठन पर की चर्चा

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगर में आयोजित तमाम राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में तीसरे मोर्चे के गठन पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने चर्चा करते हुए भारत महागठबंधन बनाने का निर्णय लेते हुए बलदेव राज सूद को राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया, जबकि उत्तराखंड संयोजक के पद पर जीवन चंद्र उप्रेती को नियुक्त किया गया। उक्त बैठक में तीसरे मोर्चे के गठन पर पूर्ण रूप से सहमति तो नहीं बन पाई परंतु आधारशिला रख दी गई है।

नगर के एक होटल में आयोजित बैठक में विभिन्न क्षेत्रीय दलों, स्वयं सेवी संगठनों एवं समाज के अन्य वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया,

तथा सभी क्षेत्रीय दलों को एकजुट होकर भारत महागठबंधन में शामिल होने पर विचार विमर्श किया गया, हालांकि इस पर पूरी तरह से आम



लालकुआं में आयोजित भारत महागठबंधन की बैठक को संबोधित करते क्रांतिकारी नेता प्रभात ध्यानी।

सहमति नहीं बन सकी है, परंतु भारत गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक बलदेव राज सूद को राष्ट्रीय संयोजक जबकि जीवन चंद्र उप्रेती को उत्तराखंड प्रदेश का संयोजक नियुक्त किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने भारत महा गठबंधन की स्थापना और क्रियाकलापों पर विस्तार से प्रकाश डाला और संगठन की दायित्वशीलता जवाब देही एवं पारदर्शिता के सिद्धांत पर चलने का आह्वान किया गया। साथ ही भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मुहिम की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया, जिसे लेकर भारत महागठबंधन की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस मौके पर उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभात ध्यानी ने कहा कि सभी राजनीतिक दल यदि ईमानदारी के साथ इस भारत महागठबंधन में जुड़कर संघर्ष करें तो तीसरे मोर्चे को देश भर में कामयाबी मिल सकती है। इस अवसर पर भारत की लोग जिम्मेदार पार्टी, पर्वतीय महासभा, उत्तराखंड देवभूमि पार्टी, उत्तराखंड चकबंदी मंच, अखिल भारतीय शराबबंदी संयुक्त मोर्चा, स्वराज हिंद फौज, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, इस अवसर पर बलदेव राज सूद, सुल्तान सिंह, एडवोकेट संजय राठौर, अभिषेक सिंह, प्रभात ध्यानी, सुशील भट्ट, विरेंद्रपुरी महाराज, कमला बिष्ट, नानक चंद्र लोहिया, आरपी सिंह, नरेंद्र शर्मा, प्रकाश बहुगुणा, हरिश्चंद्र कांडपाल, हरे कृ ष्णा कबड़वाल, कमल पांडे, दीपक जोशी, दिव्यांशी समेत बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों की प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## डेढ़ माह बाद भी नहीं लगा लापता नाबालिग छात्रा का सुराग

**नैनीताल।** रामनगर के टांडा मल्लू क्षेत्र से 17 वर्षीय छात्रा के लापता होने के डेढ माह बाद भी उसका कोई सुराग नही लग पाया है। छात्रा के परिजनों ने इस मामले में स्थानीय कोतवाली से लेकर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तक गुहार लगाई है,लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया है।

लापता छात्रा 15 अप्रैल 2025 की शाम को अचानक घर से गायब हो गई थी। परिजनों का कहना है कि उन्होंने उसकी हर संभव जगह तलाश की, लेकिन जब कहीं से कोई सूचना नहीं मिली। जिसके बाद वे पुलिस की शरण में गए। पहले उन्होंने रामनगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाई, फिर कई बार उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर बच्ची को खोजने की अपील की, लेकिन अफसोस की बात यह है कि 45 दिन से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी न तो बच्ची का कोई सुराग लगा है और न ही पुलिस की ओर से उन्हें कोई संतोषजनक जवाब मिला है।

# सीएम आज हल्दूचौड़ गौशाला में भूमि पूजन और 27 योजनाओं का करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार की दोपहर को लालकुआं क्षेत्र के हल्दूचौड़ गंगापुर कबडवाल स्थित नगर निगम हल्द्वानी की गौशाला का भूमि पूजन करने के साथ–साथ नैनीताल जनपद की विभिन्न 27 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसमें 18 योजनाओं का शिलान्यास एवं नौ योजनाओं का लोकार्पण शामिल है।

उक्त जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी हल्द्वानी राहुल शाह ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार की दोपहर को ठीक 12रू40 पर गौशाला गंगापुर कबड़वाल पहुंचेंगे, जहां विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ–साथ गौशाला का भूमि पूजन



करने के पश्चात आईपीएस स्कूल लामाचौड़ को रवाना हो जाएंगे।

आज शुक्रवार को दिन भर मुख्यमंत्री के गौशाला आगमन की तैयारी को लेकर उप जिलाधिकारी राहुल शाह, एवं नगर निगम हल्द्वानी की नगर आयुक्त ऋचा सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

# बदरीविशाल के दर्शन को पहुंचे केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केंद्रीय लघु मध्यम उद्योग एवं उद्यमिता विकास मंत्री जीतन राम मांझी आज शुक्रवार पूर्वाह्न बदरीनाथ धाम दर्शन को पॅहुचे।

केंद्रीय मंत्री का हैलीपेड पर श्री बदरीनाथ – केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी) तथा जिला प्रशासन एवं तीर्थ पुरोहित समाज ने स्वागत किया इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री पारिवारिक जनों के साथ श्री बदरीनाथ मंदिर में वेदपाठ कर पूजा अर्चना की और देश के खुशहाली की कामना की। मंदिर में दर्शन के पश्चात बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने उन्हें भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया। केंद्रीय मंत्री ने मुख्य कार्याधिकारी से श्री बदरीनाथ –केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं के बावत जानकारी ली



मुख्य कार्याधिकारी ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि अभी तक 14 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने श्री बदरीनाथ एवं केदारनाथ धाम के दर्शन कर लिए है जिसमें से छ लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने श्री बदरीनाथ धाम के दर्शन किये है। तीर्थयात्रियों हेतु सरल सुगम दर्शन व्यवस्था की गयी है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने उत्तराखंड सरकार एवं मंदिर समिति द्वारा की गई यात्रा व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित बदरीनाथ धाम प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी, डिमरी पंचायत उपाध्यक्ष भास्कर डिमरी, सत्येंद्र चौहान वैभव उनियाल, योगंबर नेगी, अजीत भंडारी सहायक मीडिया प्रभारी विकास सनवाल दिनेश भट्ट, अमित पंवार, हरीश जोशी मौजूद रहे।

# चमोली में प्राणमती नदी पर बने ढाढरबगड़ पुल टूटने पर बड़ी कार्यवाही,दो ई.ई सहित एक ए.ई सस्पैंड

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** थराली विकासखंड अंतर्गत दुंगी–रतगांव मोटर मार्ग पर प्राणमती नदी पर निर्माणाधीन 60 मीटर स्पान का मॉड्यूलर बैली ब्रिज 4 जून 2025 को अचानक टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया था। इस गंभीर लापरवाही को लेकर उत्तराखंड शासन ने सख्त रुख अपनाते हुए तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही चमोली डीएम के निर्देशों पर ठेकेदार के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग के



सचिव पंकज पांडे द्वारा जारी आदेश में थराली निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता दिनेश मोहन गुप्ता, प्रांतीय खंड लोनिवि कर्णप्रयाग के अधिशासी अभियंता नवीन लाल वर्मा तथा सहायक अभियंता आकाश हुडिया को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए निलंबित किया गया है। कार्यालय ज्ञाप के अनुसार उक्त पुल निर्माण कार्य में शिथिलता तथा समुचित पर्यवेक्षण न किए जाने को गंभीर लापरवाही माना गया है। उत्तराखंड सरकारी सेवक (आचरण) नियमावली, 2003 के नियम–4(1) के अंतर्गत तीनों अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी किया गया है।

सूत्रों के अनुसार थराली खंड के अधिशासी अभियंता दिनेश मोहन गुप्ता अवकाश पर थे और उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ जा रहा था। इस दौरान खंड का प्रभार प्रांतीय खंड कर्णप्रयाग के अधिशासी अभियंता नवीन लाल वर्मा के पास था। वहीं सहायक अभियंता आकाश हुडिया का कार्य निष्पादन स्तर भी असंतोषजनक पाया गया।

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देश पर 4 जून को ही ठेकेदार के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज कर लिया गया था तथा संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए थे। इस प्रकरण में शासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया है कि निर्माण कार्यों में लापरवाही और गुणवत्ता में समझौता अब किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

07 June 2025_Copy of Layout 1 6/7/2025 3:15 PM Page 6



# चमोली में गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने केन्द्र पोषित योजनाओं की समीक्षा की, अधिकारियों को दिए निर्देश

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गढवाल सांसद अनिल बलूनी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेते हुए केन्द्र पोषित योजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय से योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। मा0 सांसद ने केंद्र पोषित योजनाओं के तहत मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास ग्रामीण व शहरी, पीएम स्वनिधि, पीएमजीएसवाई, जल जीवन मिशन की समीक्षा की।

सांसद ने जिलाधिकारी को मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। वहीं कहा कि औली को विश्वस्तरीय टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने को लेकर कार्यवाही की जा रही है। बताया कि चमोली जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में 11 टॉवर स्वीकृत हुए हैं वहां सम्पर्क मार्ग नहीं हैं उन पर तेजी से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर अपनी सांसद निधि से ब्लड सैपरेशन यूनिट देने की बात भी कही।



उन्होंने जलसंस्थान से जलजीवन मिशन कार्यो की जानकारी ली। साथ ही सीएमओ को जो मरीज बाहर रेफर किए जाते उनका रेगुलर फॉलोअप करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन भूमि हस्तारण के कारण लंबित योजनाओं को लेकर आपसी समन्वय से जनहित में तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं निजमुला सड़क पर निर्मित पुल को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। वहीं उन्होंने एनएचआईडीसीएल को नालियों की शिकायतों को लेकर एक सप्ताह में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मानसून की तैयारियों और आगामी नन्दा देवी राजजात की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी से जानकारी ली। नन्दा राज जात यात्रा को लेकर केन्द्र सरकार के स्तर से जो भी कार्य होने हैं उनकी सूची समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ताकि समय से कार्य शुरू किए जा सकें।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि जल जीवन मिशन में टोटल हाउस होल्ड 76725 के सापेक्ष 76532 एफएचटीसी की गयी है। जनपद में अटल आयुष्मान योजना में 229384 कार्ड बनाए गए हैं। वहीं 51013 मरीजों ने योजना का लाभ लिया।

बताया कि जनपद में कर्ण प्रयाग व गोपेश्वर में जन औषधि केन्द्र संचालित किए जा रहे हैं और पोखरी में जन औषधि केन्द्र को लेकर प्रक्रिया गतिमान है। पीएमजीएसवाई में सैंक्शन 214 सड़कों में से 195 पर कार्य पूर्ण हो चुका है। पीएमजीएसवाई–04 में 35 सड़कों का सर्वे किया जा चुका है और 41 में सर्वे किया जा रहा है। वहीं 24 की डीपीआर कम्पलीट हो गयी हैं। पीडब्ल्यूडी के कुल 179 कार्यों के सापेक्ष 34 में वित्तीय स्वीकृति व 58 में सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हुई है।

## ऑल्टो कार खाई में गिरी, एक व्यक्ति की मौत, पांच लोग घायल

**उत्तरकाशी।** जिले के धरासू क्षेत्र में ऑल्टो कार खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं पांच अन्य घायल हो गए। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने सभी घायलों को खाई से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस कंट्रोल रूम में उस समय हड़कंप मच गया जब सूचना मिली कि धरासू में ऑल्टो कार खाई में गिर गई है। आनन–फानन में रेस्क्यू और बचाव टीमें मौके के लिए रवाना हुईं। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम को दुर्गम इलाका होने के कारण रेस्क्यू में काफी दिक्कत पेश आई। हालांकि टीम के सदस्यों ने अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए दुर्घटनास्थल जहां कार गिरी थी वहां तक पहुंचने में सफलता हासिल की। इसके बाद उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद कार दुर्घटना के पीड़ितों को कार से बाहर निकाला।

## चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 80 से अधिक श्रद्धालुओं की हो चुकी मौत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देवभूमि उत्तराखण्ड में चारधाम हिन्दूओं के प्रमुख धार्मिक आस्था के केन्द्र है। हर साल लाखों श्रद्धालु उत्तराखंड में स्थित चार धाम की यात्रा पर आते है।

इस वर्ष भी यात्रा शुरू है. चारधाम की यात्रा को शुरू हुए एक महीने से अधिक का समय हो गया है। इस दौरान लोगों की सुविधा के लिए प्रशासन मुस्तैदी से काम कर रहा है। किन्तु हर वर्ष की तरह चारधाम यात्रा के दौरान लोगों की जान जाने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। इस वर्ष अभी तक 80 से अधिक श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। बीते गुरुवार को यमुनोत्री और गंगोत्री धाम की यात्रा पर आए दो श्रद्धालु की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। एक मृतक तमिलनाडु और दूसरा मृतक मध्य प्रदेश का रहने वाला था. दोनों धाम में अब तक 12 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है. लेकिन ऐसा क्या हो रहा कि लोगों की मौत हो रही है। बता दें कि हर साल मई में चारधाम की यात्रा शुरू होती है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की मौत का मामला हर साल सामने आता है। किन्तु इस बार यह आंकड़ा डरा देने वाला प्रतीत हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस साल अब तक 80 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। अधिकांश मौत ऑक्सीजन की कमी, हार्ट अटैक और सांस लेने में तकलीफ होने के कारण हुई है। यहां गौर करने लायक यह है कि चारधाम के चारों मंदिर समुद्र तल से 3 हजार से साढ़े तीन हजार मीटर की ऊंचाई पर है।

## चमोली में सिविल जज पुनीत कुमार ने विधिक साक्षरता एवं जागरूकता के बारे में जानकारी दी गई

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली द्वारा आयोजित बहुउद्देशीय शिविर, जन कल्याण लोक सेवा समिति के माध्यम से गौचर में संपन्न हुआ।

शुक्रवार 6 जून को सम्पन्न हुऐ विधिक साक्षरता एवं जनजागरुकता के बारे में शिविल जज पुनीत कुमार द्वारा बिभिन्न जानकारियां दी गयी। जिसमें वालश्रम सेवा अधिकार त्ज्ञ् सूचना अधिकार, बाल विवाह, भ्प्ट, मध्यस्थ्थता राजनामा, नाबालिक द्वारा वाहक चलाने की जानकारी दी गई।





लोक अदालतों के माध्यम से विवादित पक्षकार, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, पोक्सो एक्ट, फोजदारी की जानकारी, बादसल्य योजना का लाभ , समाज कल्याण व सरकार द्वारा जितनी भी जनकल्याण कारी योजना उनको आम जरुरत मंद जनमानस को सुलभ करवाना जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया।

इस मौके पर जनकल्याण लोक सेवा समिति अध्यक्ष सुनील पंवार, सचिव कुशाल सिह नेगी, उपाध्यक्ष अर्जुन नेगी, सुरेन्द्र सिह मल्ल, आदित्य कुमार, मंजू देबी, पुष्पा देबी, सुनील शाह, सरिता भण्डारी, इन्दू पंवार, सूरज चौधरी, गुजन चौधरी, रोशन चौधरी, बच्ची लाल, मनीष कोहली, गिरीश शाह, आदि मौजूद रहे।

## चमोली में बलिदानी भवानी दत्त की स्मृति में आयोजित मेले का मुख्यमंत्री धामी ने किया शुभारंभ

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चेपड़ों थराली पहुंचे और उत्तराखंड के प्रथम अशोक चक्र विजेता बलिदानी भवानी दत्त जोशी की स्मृति में आयोजित शौर्य महोत्सव का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री धामी ने बलिदानी भवानी दत्त जोशी के स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर बलिदानी को याद किया। उन्होंने कहा कि मुझे शहिद मेले में शामिल होने का अवसर मिला जो गौरव का विषय है। सीएम धामी ने इस मौके पर जनता को संबोधित करते हुए कहा



कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रही है। सरकार द्वारा सशक्त भू कानून यू सी सी लागू कर इतिहास रचा वही उन्होंने कहा थराली रतगांव के घटगाड़ मे निर्माणाधीन वेली ब्रिज के टूटने पर जहां तीन इंजीनियरों को सस्पेंड किया वहीं ठेकेदार से पुल की भरपाई की जाएगी। उन्होंने बलिदानी भवानी दत्त स्मारक के सौदरीकरण तथा गेट निर्माण की घोषणा कर संस्कृति एवं पर्यटन विभाग से अधिक से अधिक धन देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर 9जी गढ़वाल राइफल जोशीमठ के बेंड की धुन पर बलिदानी भवानी दत्त के स्मारक पर रीत चढ़ाकर नमन किया।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रितु भूषण खंडूडी ने मेले में शिरकत कर कहा कि जहां उत्तराखंड में महिलाओं को समूह के माध्यम से सशक्त किया जा रहा है वही उत्तराखंड का विकास तेजी से हो रहा है। होम स्टे के माध्यम से यहां के युवाओं को रोजगार देकर उत्तराखंड की आर्थिक को बढ़ा रहे हैं वही सिद्ध पीठ देवराडा के अध्यक्ष भुवन हटवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंप कर देवराडा को पडाव तथा राजजात मानचित्र में घोषित करने की मांग की।

इस मौके पर 127 इन्फेंट्री बटालियन के कर्नल प्रत्यूष थपलियाल और हवलदार राकेश जोशी द्वारा डेढ़ सौ कपूर, आवला, आम, कचनार के पौधों को रोपकर वृक्षारोपण किया वही मुन्दोली राइडर्स क्लब द्वारा 70 किलोमीटर तिरंगा झंडा साइकिल रैली निकाली जिसे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

07 June 2025_Copy of Layout 1  6/7/2025  3:15 PM  Page 7



# केवीआईसी ने 8794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी की संवितरित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत मंगलवार को आयोजित एक ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के 8794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी संवितरित की गई। यह संवितरण करीब 884 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के सापेक्ष किया गया।

यह आयोजन मुंबई स्थित केवीआईसी के केंद्रीय कार्यालय, इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम) से सम्पन्न हुआ, जिसमें केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने लाभार्थियों को सब्सिडी ऑनलाइन माध्यम से जारी की। इस अवसर पर केवीआईसी की सीईओ रूप राशि के साथ ही केंद्रीय कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संवितरण कार्यक्रम के



कार्यक्रम के दौरान खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अधिकारी।

अवसर पर अध्यक्ष मनोज कुमार ने एक बयान में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन में पीएमईजीपी योजना ने आज भारत में स्व–रोजगार का एक मजबूत और प्रभावी आधार तैयार किया है। खादी और ग्रामोद्योग आज केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के सपनों का सार है। इस योजना ने लाखों युवाओं को न केवल रोजगार दिया है, बल्कि उन्हें उद्यमशीलता की शक्ति से भी जोड़ा है। इस संवितरण में देश के सभी छह जोन की भागीदारी रही। दक्षिण क्षेत्र के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी के लिए 2445 परियोजनाएं स्वीकृत हुईं, जिसके लिए 80.26 करोड़ रुपये की सब्सिडी संवितरित की गई। मध्य जोन में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड की 2366 परियोजनाओं के लिए 91.13 करोड़ रुपये की सब्सिडी संवितरित की गई। पूर्वी भारत में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल व अंडमान निकोबार और पूर्वोत्तर के असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा के लिए कुल 2167 परियोजनाओं को करीब 62.68 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गई।

उत्तर क्षेत्र के हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, राजस्थान की 1320 परियोजनाओं के लिए 41.80 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई। वहीं पश्चिम क्षेत्र के गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा में 496 परियोजनाओं को 24.12 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। इस तरह देशभर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को सशक्त बनाने के लिए यह एक व्यापक और प्रभावी अभियान सिद्ध हुआ। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) जब से शुरू हुआ है तब से लेकर वित्त वर्ष 2024–25 तक ग्रामीण और शहरी भारत में उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का स्तंभ बन चुकी है।

## चारधाम यात्रा पर आए विदेशी मेहमानों ने यात्रा प्रबंधन को सराहा

**देहरादून।** उत्तराखंड में चल रही चार धाम यात्रा में देश के विभिन्न प्रांतों के साथ ही विदेशी तीर्थयात्री भी शामिल हो रहे हैं। विदेशी तीर्थयात्रियों ने ऋषिकेश स्थित यात्रा ट्रांजिट कैम्प में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के लिए सरकार और यात्रा प्रशासन के प्रयासों को सराहा है। ऋषिकेश में चारधाम यात्रा प्रशासन संगठन की ओर से यात्रा ट्रांजिट कैंप का संचालन किया जा रहा है। जिसमें यात्रियों को पंजीकरण से लेकर, स्वास्थ्य परीक्षण और निशुल्क भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ट्रांजिट कैंप पर विदेशी तीर्थयात्रियों के पंजीकरण के लिए अलग से काउंटर बनाए गए हैं। चार जून को ब्रिटेन के रहने वाले थॉमस चारों धामों की यात्रा के लिए पंजीकरण कराने ट्रांजिट कैंप पहुंचे। उन्होंने आसान पंजीकरण प्रक्रिया के साथ ही यात्रा मार्ग की समस्त जानकारी मिलने पर खुशी व्यक्त की। 30 मई को ताइवान के 17 लोगों का दल भी गंगोत्री–यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए ट्रांजिट कैंप पहुंचा।

# ठेकेदार से होगी बैली ब्रिज टूटने से हुए नुकसान की भरपाई, सीएम ने की घोषणा

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बीते दिनों चमोली जिले के थराली में टूटे निर्माणाधीन बैली ब्रिज को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उन्होंने तय किया है कि इस पुल के गिरने से सरकार को जो धन का नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई उस ठेकेदार से की जाएगी जो इसके निर्माण का प्रभारी था।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को चमोली जिले के दौरे पर थे। चमोली के थराली में सीएम धामी ने शौर्य महोत्सव का शुभारंभ किया है। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने ये बात कही। सीएम धामी ने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में एक निर्माणाधीन पुल गिर गया। उन्होंने इसका संज्ञान लिया और तुरंत तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया। अगर कोई अधिकारी/कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के प्रति लापरवाह है, जनहित के कार्यों के प्रति लापरवाह है या भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। हमने यहां तक तय किया है कि इस पुल के गिरने से सरकार को जो धन का नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई उस ठेकेदार से की जाएगी जो इसके निर्माण का प्रभारी था। इसके साथ ही सीएम धामी ने शौर्य स्थल पर अशोक चक्र विजेता शहीद भवानी दत्त जोशी को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री धामी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना पर गर्व जताया।

# लोन मेले में एचडीएफसी की 600 से अधिक शाखाएं लेंगी भाग

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक की ओर से 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर 5–6 जून, 2025 तक उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों में एक मेगा 'ईवी ऑटो लोन मेला' आयोजित किया जा रहा है। इन राज्यों की 600 से अधिक शाखाएं इस दो दिवसीय लोन मेले में भाग लेंगी। बैंक ने नवीनतम ईवी पेशकशों को प्रदर्शित करने के लिए अग्रणी ईवी ऑटोमोबाइल निर्माताओं और क्षेत्रीय ऑटो–डीलरशिप के साथ भागीदारी की है। लोन मेले में आने वाले ग्राहक विभिन्न विकल्पों का मूल्यांकन कर सकते हैं और टेस्ट ड्राइव का विकल्प चुन सकते हैं। ऑटो लोन मेला एचडीएफसी बैंक की मजबूत एक्सप्रेस कार लोन सुविधा द्वारा समर्थित है, जहाँ पात्र ग्राहक ईवी ऑटो खरीद पर विशेष सौदों




और ऑफर के साथ–साथ मौके पर ही लोन स्वीकृत करवा सकते हैं। श्एक्सप्रेस कार लोनश् सुविधा को खरीदारों को वास्तविक कार डीलरों से जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है, जबकि डिजिटल रूप से सुचारू ऋण वितरण सुनिश्चित किया गया है। यह सुविधा एचडीएफसी बैंक के मौजूदा और नयें ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्ध है।

एक्सप्रेस कार लोन सुविधा एक पूर्ण डिजिटल, कागज रहित और संपर्क–मुक्त प्रक्रिया को सक्षम बनाती है, जिससे डीलरों को केवल 30 मिनट के भीतर ऑटो लोन वितरित किया जा सकता है। एचडीएफसी बैंक एक्सप्रेस कार लोन के साथ, ग्राहक बिना किसी दस्तावेज और 100 प्रतिशत डिजिटल प्रक्रिया के केवल 30 मिनट में अपनी सपनों की कार को वास्तविकता बना सकते हैं। एचडीएफसी बैंक के शाखा बैंकिंग प्रमुख (यूपी और उत्तराखंड) मुस्कान सिंह ने कहा "ईवी ऑटो लोन मेला' पहल बैंक का एक प्रयास है जो पात्र ग्राहकों के लिए ऋण वित्तपोषण को सरल बनाते हुए एक टिकाऊ और हरित भविष्य को बढ़ावा देता है। एक्सप्रेस कार लोन सुविधा के साथ समर्थित यह ऑटो लोन मेला लोगों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को और अधिक आसानी से सुलभ बनाएगा।

# चमोली जिले के शिव सिंह को मिला 28 वां गौरा देवी पर्यावरण पुरस्कार 2025

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गौरा देवी पर्यावरण पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवकों को दिया जाता हैं इस वर्ष का 28 वां गौरा देवी पर्यावरण पुरस्कार 2025 से चमोली जिले के निजमुला घाटी के शिव सिंह फरस्वाण को उत्तराखंड की विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूरी भूषण द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर उर्गम घाटी में प्रदान किया गया।



शिव सिंह फरस्वाण को यह पुरस्कार विगत 13 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण और पत्रकारिता में जनदृजन को जागरूक करने के लिए आज विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण द्वारा प्रदान किया गया। शिव सिंह की प्रारंभिक पढ़ाई अपने गांव के ही विद्यालय से हुई तथा उच्च शिक्षा राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर से वनस्पति विज्ञान में हुआ। वर्तमान में प्रवक्ता जीव विज्ञान के पद पर कार्यरत हैं। शिव सिंह को जनदृजन को जागरूक करने पर उनके उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार जी द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका हैं। शिव सिंह ने बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया हैं तथा वे पर्यावरण संरक्षण और जनदृजन को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। उनका कहना हैं कि वर्तमान समय में पर्यावरण एक संवेदनशील विषय बन गया हैं , हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती और बड़ा गंभीर विषय हैं जलवायु परिवर्तन जिसके कारण, जैव विविधता खत्म हो रही साथ ही न जाने हजारों वन्य जीवदृजंतुओं की जातियां विलुप्त हो गई हैं और हजारों की संख्या में संकटग्रस्त हो गई हैं । उन्होंने कहा कि लगातार जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम अपनी करवट बदल रहा हैं हजारों साल के रिकॉर्ट तोड़ रहा हैं , समय पर बारिश नहीं हो रही यदि हो भी रही तो सालों का रिकॉर्ड तोड़कर प्राकृतिक आपदा का विकराल रूप धारण कर रही हैं। पृथ्वी का तापमान लगातार दिनों दिन बढ़ता जा रहा । उत्तराखंड में अत्यधिक भूस्खलन और बाढ़ का होना भी चिंतनीय विषय हैं यह एक विश्वव्यापी चुनौती हैं जलवायु परिवर्तन को रोक नहीं सकते लेकिन अभी भी समय रहते इसके प्रभाव को कम किया जा सकता हैं।

07 June 2025_Copy of Layout 1 6/7/2025 3:15 PM Page 8



# गैंगरेप मामलाः खुलेगा कलयुगी मां का पूरा राज, सबूत जुटाने वृंदावन

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हरिद्वार में मां के नाम को कलंकित करने वाली महिला अनामिका शर्मा के खिलाफ पूरे सबूत जुटाने के लिए पुलिस टीमें उत्तरप्रदेश स्थित आगरा, वृंदावन तक जाएंगी।

रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी इस पूरे मामले पर विस्तार से बात करते हुए कहते हैं कि यह मामला जब उन्होंने सुना तो वे भी हैरान रह गए। तब उन्हें आंखों और कानों से सुनी बातों पर विश्वास नहीं हो रहा था। रोती बिलखती बच्ची जब अपनी मां की सारी करतूत पुलिस को बता रही थी तो सभी आसपास खडे लोग उन शब्दों को सुनकर बेहद हैरान थे।

आखिरकार कोई मां ऐसा कैसे कर सकती है। कमल मोहन भंडारी ने बताया पुलिस को दी गई शिकायत में पीडित बच्ची ने बताया है कि उसकी मां उसे हरिद्वार के अलावा अन्य जगहों पर घूमने ले जाती थी। वहीं पर 13 साल की बच्ची के साथ आरोपी मां के दोस्त दुष्कर्म किया करते थे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार यह काम बेहद शातिराना तरीके से होता था। शिकायत में बताया गया है कि हरिद्वार के अलावा वृंदावन, आगरा और उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में मां बच्ची को लेकर जाती थी। तब एक नहीं बल्कि दो रूम होटल में बुक होते थे। एक रूम में मां रुकती थी जबकि दूसरे रूम में वह बेटी को ठहराती थी। बच्ची ने अपने बयानों में पुलिस को बताया है कि मां के साथ उसका एक मित्र जबकि मेरे कमरे में मां के ही दोस्त रुका करते थे।

यह सिलसिला साल 2025 जनवरी 26 तारीख से शुरू हुआ, जो 5 महीने से यह लगातार जारी रहा। पुलिस को पीड़िता ने बताया कि कई बार उसने अपने पिता को सारी हरकते बताने की कोशिश की। बच्ची ने कहा मां के दबाव के कारण वह हर बार सहम जाया करती थी। इसके बाद 4 जून को पीड़ित बच्ची ने पूरी हकीकत अपने पिता को बता दी। इसके बाद लिखित में शिकायत दी गई। जिसके बाद आरोपी महिला के साथ उसके दो मित्र गिरफ्तार किये गये।

पुलिस के मुताबिक पकड़ी गई नेत्री और उसके पति के साथ संबंध सही नहीं थे। बीते कुछ महीने से दोनों अलग रह रहे थे। हरिद्वार शिव मूर्ति चौक पर स्थित एक होटल में आरोपी महिला अपने दोस्त के साथ रह रही थी। जिस वक्त पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया उस वक्त भी वह वहीं पर मौजूद थी। इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए पुलिस अब एक टीम को वृंदावन और आगरा के लिए रवाना कर रही है। यह टीम इस बात की पुष्टि करेगी की कैसे दो रूम बुक करके महिला अलग अलग कमरों में बच्ची को रख रही थी। हरिद्वार के होटल के अलावा उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में जहां–जहां भी यह अपनी बिटिया को लेकर घूमने गई है, उन सभी जगह पर जाकर पुलिस बच्ची के द्वारा बताई गई घटना के सबूत जुटाएगी। इसके साथ ही पुलिस इस मामले में तेजी से कार्रवाई कर रही है।

फिलहाल, पुलिस इस मामले में महिला के मोबाईल और आरोपियों की फोन कॉल डिटेल खंगाल रही है। लोकेशन्स को लेकर भी पुलिस एक डेटा तैयार कर रही है। आरोपी महिला को मोबाईल से पुलिस को कई राज मिलने की उम्मीद है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई मैक्स और ट्रक की टक्कर, बड़ा हादसा होते-होते टला

**श्रीनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** डैम क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक मैक्स सवारी वाहन और ट्रक आपस में टकरा गए। यह टक्कर नरसिंम्हा ढाबा से लगभग 100 मीटर आगे रुद्रप्रयाग की दिशा में हुई। सौभाग्यवश, इस दुर्घटना में कोई भी जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक रुद्रप्रयाग से ऋषिकेश की ओर जा रहा था, जबकि मैक्स वाहन ऋषिकेश से कर्णप्रयाग की दिशा में सवारियों को लेकर आ रही थी। मैक्स में कुल 8 यात्री सवार थे, वहीं ट्रक में केवल चालक मौजूद था। दोनों वाहन जब आमने–सामने आए तो संतुलन बिगड़ने के कारण टक्कर हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन



और यातायात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की. मौके पर जेसीबी मशीन मंगाकर दोनों वाहनों को सड़क से किनारे कराया गया ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित न हो। कुछ समय के लिए मार्ग धीमी गति से चला, लेकिन प्रशासन की मुस्तैदी से कुछ ही देर में यातायात फिर से पूर्व की भांति सुचारु कर दिया गया।

## मंत्री जोशी ने जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को अपने कैंप कार्यालय में आर्थिक सहायता चेक वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के जरूरतमंदों को 10–10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। यह सहायता विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी के विवेकाधीन कोष से स्वीकृत की गई थी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग की सराहना की। इन लोगों को चेक किए गए वितरित–पूनम, संतोष, अमित कुमार, उमा शर्मा, तुलसी, अजय कुमार, वंदना, जगमोहन, स्वाती, रमेश सिंह, भावना बिष्ट आदि।

## न्यूज डायरी

### थराली में निर्माणाधीन पुल के क्षतिग्रस्त होने के मामले में तीन अभियंताओं को किया गया निलंबित

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जनपद चमोली के थराली में निर्माणाधीन पुल के क्षतिग्रस्त होने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग के 3 अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इस प्रकरण पर सचिव लोक निर्माण विभाग पंकज कुमार पांडे द्वारा थराली में क्षतिग्रस्त हुए पुल प्रकरण पर लोक निर्माण विभाग के तीन इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया गया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पारदर्शी और जवाबदेह शासन की दिशा में ठोस और निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाए और प्रशासन में जवाबदेही सुनिश्चित की जाये। हाल के महीनों में सरकार ने यह दिखा भी दिया है कि भ्रष्टाचार के साथ ही अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने पर किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जायेगी।

## पेज 01 का शेष...

### नैनीताल में मुख्यमंत्री ने मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, दिए सख्त दिशा-निर्देश

कैंची धाम क्षेत्र के समग्र विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने वहां सभी आवश्यक सुविधाओं के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा 2815.68 लाख की लागत से मानसखंड मंदिर माला के अंतर्गत श्री कैंची धाम में सौंदर्य कारण एवं प्रकाशीकरण का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के लिए मास्टर प्लान पर प्रगति की जानकारी दी और बताया कि पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज का बजट दोगुना किया गया है। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोहराया कि उत्तराखंड सरकार किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। माननीय मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी द्वारा शिकायत करने पर काशीपुर में अधीक्षण अभियंता शिवम द्विवेदी को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित जनसुनवाई करें, समाधान आधारित कार्यशैली अपनाएं और कैंपों के माध्यम से जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर तत्काल समाधान करें। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में विजिलेंस व्यवस्था को और सशक्त एवं सक्रिय बनाया जा रहा है। अब सरकार भ्रष्टाचार के मामलों में सीधे और निर्णायक हस्तक्षेप करेगी। किसी भी स्तर का अधिकारी यदि दोषी पाया गया, तो उसे कड़ी सजा दी जाएगी। हालांकि, उसे निष्पक्ष सुनवाई और स्पष्टीकरण का अवसर भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के सपनों को साकार करना ही हमारी प्राथमिकता है। उत्तराखंड पहले ही कई क्षेत्रों में देशभर में अग्रणी बन चुका है और अब हमें यह सुनिश्चित करना है कि अन्य क्षेत्रों में भी प्रदेश शीर्ष स्थान पर पहुंचे।

## गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं ने धर्मनगरी पहुंचकर गंगा में आस्था की डूबकी लगाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर पूजा कर मां गंगा से सुख समृद्धि की कामना की। इस पर्व के पीछे मान्यता है कि आज ही के दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था।



गंगा दशहरा के अवसर पर हरिद्वार में गंगा स्नान करने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार में हर की पैड़ी पर सुबह गंगा स्नान करने पहुंचे थे। ऐसा माना जाता है कि मां गंगा ने आज के दिन ही धरती पर अवतरित होकर राजा भागीरथ के पुरखों का उद्धार किया था। इसलिए आज के दिन हर की पैड़ी पर ब्रह्मकुंड में गंगा स्नान करने का विशेष महत्व बताया जाता है।

हरिद्वार पुलिस द्वारा गंगा दशहरा स्नान के मद्देनजर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी थी। इस दौरान शहर में सीसीटीवी से भी निगरानी की गयी। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल का कहना है कि गंगा दशहरा को लेकर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को 2 सुपर जोन, 11 जोन व 27 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इसी के अनुसार पुलिस अधिकारियों के साथ ही सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। साथ ही ट्रैफिक को लेकर भी खास प्रबंध किया गया।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19